तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 5.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 13 दिसंबर 2023



## खबर संक्षेप

### लोन की राशि हड़पने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी महिलाओं को स्कीम के तहत लोन दिलाने के नाम पर दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी से लोन की तीन लाख की राशि हड़पने के मामले में गिरोह के दो आरोपियों नरेंद्र निवासी सौंदापुर चौक जाटल रोड पानीपत व महताब निवासी कैराना शामली को काबू किया। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र के कब्जे से 45 हजार व एटीएम कार्ड बरामद किए है।

### गैस भरते हुए वैन में आग लगी

**समालखा।** पानीपत के गांव पट्टीकल्याण जीटी रोड स्थित सीएनजी पंप पर मंगलवार को अचानक से गाड़ी में सीएनजी भरते हुए ब्लास्ट हो गया तथा कार में आग लग गई। ब्लास्ट इतना भयानक था कि साथ खड़ी एक वैन को भी अपने चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। एक गाड़ी पूरी तरह जल गई जबकि वैन के एक हिस्से में आग लग गई। दमकल ने आग को काबू किया।

### यूनिसेफ स्थापना दिवस मनाया

**पानीपत।** बाल विकास एवं बाल अधिकार संरक्षण को समर्पित संस्था यूनिसेफ स्थापना दिवस आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष महताब मलिक रहे व आर्य समाज काबडी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ठ अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की। इस अवसर पर बाल विकास और बाल संरक्षण विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता भी करवायी गई।

### हादसे में हुई मौत के मामले में चालक काबू

**बराड़ा।** सडक़ दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को काबू कर लिया है। परिवादी शिव कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 नवंबर 2023 को सांई बाबा मंदिर के पास आरोपी वाहन चालक ने लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके चचेरे भाई अजय को टक्कर मारी जिससे उसकी मौत हो गई।





# शिल्पकारों की कला के मुरीद हुए देश-विदेश के पर्यटक

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में पहुंचने लगे है शिल्पकारों की कला के कद्रदान

हरिभूमि न्यूज >> कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में ब्रह्मसरोवर के चारों ओर शिल्पकारों व दस्तकारों का बाजार सज चुका है। देश के विभिन्न हिस्सों से दस्तकार अपनी-अपनी कला के नमूने शिल्प और सरस मेले में ब्रहमसरोवर के पावन तट पर प्रदर्शित कर रहे है और हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ साथ पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। विभिन्न राज्यों के दस्तकारों व शिल्पकारों के इस एकीकरण से कला के कदरदान भी अपनी पसंद की कलात्मक वस्तुओं का चयन करने में पूरा समय लगा रहे हैं और महोत्सव का भरपूर फायदा लेते हुए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों से आये दस्तकारों व शिल्पकारों के चेहरे भी भीड़ देखकर खुश थे, क्योंकि दस्तकारों के लिए अपनी कला को प्रदर्शित करने का महोत्सव एक बड़ा अवसर उपलब्ध करवाता है। गीता महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से आए दस्तकार व शिल्पकार जो अपने-अपने राज्यों की कला विशेष को प्रस्तुत किए हुए है, उनमें देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के बनारस से आए दस्तकार कडुआ बूटी प्रिंटिंग वाली मशहूर बनारसी साड़िया, इसी राज्य के मनका युक्त आर्टिफिशियल आभूषण व चाइना मिट्टी से बने सेरामिक कोटरी व हैंड पेंटेड क्राकरी, पश्चिम बंगाल की विशेष टेराकोटा मिट्टी व लकड़ी से बनी दस्तकारी के सजावटी सामान, राजस्थान की वेलवेट परहैंड मेड वाटर कलर पेंटिंग, गुजराती दस्तकारों द्वारा सूती कपड़े पर हाथ की छपाई वाले आकर्षक डिजाइन से तैयार बेड शीट, सोफा कवर, पर्दे, तकिया कवर इत्यादि शामिल है, को पर्यटक खुब पसंद कर रहे हैं। महोत्सव में इसी तरह पश्चिम बंगाल के सूखे सजावटी व आकर्षक फूल, आसाम के दस्तकारों द्वारा बम्बू से बनाई सजावटी व घरो में प्रयोग होने वाली वस्तुएं, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की ब्रास मेटल की आकर्षक मूर्तियां व अन्य कलाकृतिया, पंजाब की मशहूर फुलकारी के डिजाइन वाले वस्त्र, हरियाणा की हैंड एम्ब्रॉयडरी, राजस्थान के दस्तकारों द्वारा बनाई पत्थर की आकर्षक मूर्तियां, कश्मीर के दस्तकारों को विशेष पहचान दिलाने वाली पश्मीना शाल व कश्मीरी वस्त्र तथा देवभूमि हिमाचल के दस्तकारों द्वारा बनाई गई विशेष हिमाचली टोपी व अन्य डिजाइनर हाथ की कढ़ाई वाले गर्म कपड़े पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से मिल रही अनोखी पहचान

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कारण ही धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में एक अनोखी पहचान मिल रही है। इस गीता स्थली



कुरुक्षेत्र की गोद में देश की लगभग सभी राज्यों की लोक कला और संस्कृति समा गई है। इस लोक कला और संस्कृति को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक कुरुक्षेत्र पहुंच रहे हैं। इस वर्ष भी गीता महोत्सव के मंच पर देश के विभिन्न राज्यों से 800 से ज्यादा शिल्पकार पहुंचे हैं और देश के 13 से ज्यादा राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर रहे थे। इस धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रुप में पहचान दिलाने का सारा श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर और आसपास के क्षेत्र को देखकर ऐसा लग रहा है मानों भारतवर्ष की संस्कृति व शिल्पकला एक लघु भारत के रुप में ब्रहमसरोवर पर उमड़ आई हो। गीता महोत्सव में अनेक राज्यों से आए कलाकार अपनी हस्तकला के माध्यम से अपनी कला का हुनर दिखा रहे हैं।

### साइकिल चक्की से मिनटों में पिस जाएगा गेहूं, साथ में बनी रहेगी सेहत



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सुरेश कुमार साइकिल वाली चक्की लेकर आए है। इस मशीन से आटा पीसने के कारण, एक तो शारीरिक व्यायाम भी हो जाता है। इस चक्की को साइकिल की तर्ज पर तैयार किया गया है। चक्की पर भी पैडल लगाए गए हैं। करीब एक घंटा साइकिल वाली चक्की को चलाकार चार से साढ़े चार किलो अनाज आसानी से पीसा जा सकता है। इतना ही नहीं चक्की में अनाज को मोटा पीसना है या बारीक, इसके लिए भी विकल्प दिया हुआ है। अनाज पीसने के साथ-साथ शरीर की कैलोरी भी बर्न होगी। सुरेश कुमार ने बताया कि उसने सबसे पहले साइकिल वाली चक्की 2020 में बनाई थी। उसने एक साइकिल खरीदी और उसे आधे हिस्से में काटकर आगे वाले हिस्से में एक चक्की फिट कर दी, लेकिन अनाज पीसने के लिए आगे पत्थर लगे होने के कारण वह काफी भारी चलती थी, जिससे चलाने वाला बहुत जल्दी थक जाता। ऐसे में उसने साइकिल में एक गियर बॉक्स डाल दिया, जिससे कि अनाज की पिसाई के समय पैडल आसानी से घूमने लगे। साइकिल वाली इस चक्की को हाथ से भी चलाया जा सकता है। सुरेश ने बताया कि साइकिल वाली चक्की में पिसाई के लिए जिन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है। वह पहाड़ों की मजबूत चट्टान का है। यह पत्थर इतनी आसानी से नहीं टूटता। साइकिल वाली चक्की सालों साल चलने वाली है।



कुरुक्षेत्र। प्रस्तुति देते गतका पार्टी के सिख। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शनी में नजर आएगी हरियाणा के विकास की तस्वीर

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा के विकास की तस्वीर नजर आएगी। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा कुरुक्षेत्र 48 कोस के तीर्थों, महाभारत के 18 अध्यायों, गीता के उपदेशों को दर्शाया जाएगा और सेल्फी प्वाइंट भी रखे जाएंगे। महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल मंगलवार को राज्यस्तरीय प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य स्तरीय प्रदर्शनी की सभी तैयारियां और विभागों के द्वारा सभी स्टॉल 16 दिसंबर को सायं 5 बजे तक तैयार किए जाने है। इसलिए निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करेंगे। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे।

- **प्रदेश सरकार के पिछले 9 साल के बड़े प्रोजेक्ट और योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा**

### सजने लगा असम प्रदेश की संस्कृति का मंच

ब्रहमसरोवर के पावन तट पुरुषोतमपुरा बाग में असम प्रदेश की संस्कृति का मंच सजने लगा है। यह मंच अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 के अवसर पर



लगने जा रहा है। इस बार असम प्रदेश की सरकार ने महोत्सव में पाटनर राज्य की भूमिका अदा की है। इसलिए असम सरकार की तरफ से ब्रहमसरोवर के फ्लैग ग्राउंड में असम पवेलियन की स्थापना की जा रही है। इस पवेलियन का शुभारंभ 17 दिसंबर को किया जाएगा और 24 दिसंबर तक लोग इस पवेलियन का अवलोकन कर सकेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त एवं केडीबी सीईओ अखिल पिलानी ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष किसी ना किसी राज्य को पार्टनर राज्य के रुप में आमंत्रित किया जाता है।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव के दौरान मटके पर खड़े होकर प्रस्तुति देते कलाकार। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को भी उंगलियां चबाने पर मजबूर कर दिया। फोटोः हरिभूमि

# स्मैक सहित युवक को पुलिस ने किया काबू

**यमुनानगर।** थाना छप्पर पुलिस ने गांव कलावड़ टी प्वाइंट से कार में नशीले पदार्थ की सप्लाई करने जा रहे युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना छप्पर पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कलावड़ निवासी अवनीश उर्फ किन्नू नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गांव कलावड़ के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक कार आती दिखाई दी। जब पुलिस टीम ने कार को रोककर उसकी तलाशी ली तो कार से 34.55 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी की पहचान अवनीश के रूप में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- **आरोपी से बरामद हुई 34.55 ग्राम स्मैक**

## शुगर मिल के पीछे संदिग्ध हालत में मृत मिले दो युवक

**शाहबाद।** हल्का शाहाबाद के शुगर मिल के पीछे दो युवकों को संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 8 बजे सामुदायिक अस्पताल में 108 नंबर से फोन आया कि शुगर मिल के पीछे जनदेहडी रोड पर दो युवक मृत अवस्था में पड़े है। मृतकों की पहचान सतनाम सिंह मोहल्ला माजरी उम्र लगभग 40 वर्ष और दूसरा युवक गांव जंधेड़ी का बताया जा रहा है । ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि युवकों ने रात को कोई नशा किया है और पूरी रात ठंड के कारण उनकी मौत हो गई है। दोनों युवको के शवों को नागरिक अस्पताल के शव ग्रह में रखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए एलएनजेपी कुरुक्षेत्र भेजा जाएगा। उसके उपरांत परिजनों को शव सुपुर्द कर दिए जाएंगे।

# युवक दो बच्चों की मां को लेकर फरार

## महिला घर से जेवर, 53 हजार व बैंक की पासबुक साथ लेकर गई

हरिभूमि न्यूज >> यमुनानगर

गांव मलिकपुर निवासी जोनी दो बच्चों की मां को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। महिला घर से जेवर, 53 हजार रुपये व बैंक की पासबुक भी साथ लेकर गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार साढौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास दो बच्चे हैं। उसकी 32 वर्षीय पत्नी तीन दिसंबर को किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। घर की जांच करने पर जेवर, 53 हजार रुपये व बैंक की पासबुक गायब मिली।

- **महिला के पति ने आरोपी युवक पर लगाया पत्नी को शादी का झांसा देकर अगवा करने का आरोप**

### पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया

जांच के दौरान उसे पता चला कि उसकी पत्नी को गांव मलिकपुर निवासी जोनी शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज >> यमुनानगर

शहर के शादीपुर-करेहड़ा रोड पर कार की टक्कर लगने से साइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के जिला छपरा निवासी नीलमनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ शादीपुर सरकारी स्कूल के पास किराये के मकान में रहता है। उसका पिता चंदेश्वर प्रसाद प्लाईवुड फैक्टरी में मेहमन मजदूरी करते थे। नौ दिसंबर को शाम साढ़े छह बजे उसका पिता फैक्टरी से काम खत्म करके साइकिल पर घर लौट रहा था। जब वह शादीपुर करेहड़ा रोड पर पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसके पिता को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफॅर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सुबह नौ बजे तक घने कोहरे में सड़कों पर रेंगते रहे वाहन

# कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज >> यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने से मौसम में ठंड बढ़ गई। मौसम में ठंड बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। आलम यह है कि पिछले कई दिन से सुबह के वक्त लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ठंड की ठिठुरन में नन्हें मुन्ने बच्चों को ठिठूरते हुए अपने स्कूलों में पहुंचना पड़ रहा है।

मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। सुबह नौ बजे तक जिले में घना कोहरा छाया रहने से लोग परेशान रहे। सुबह दस बजे के करीब अच्छी धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने से जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

- **मौसम में ठंड़ बढ़ने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए**



यमुनानगर। मंगलवार सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों मे ग्राहकों की कमी होने लगी है। दोपहर के वक्त ही ग्राहक अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने से जिले का अधिकतम तापमान घटकर 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम मात्र 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# चोरी करने के तीन आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज >> करनाल

सीआईए-1 की टीम ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से नकदी सहित सामान व ई-रिक्शा बरामद की गई है। टीम इंचार्ज एसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में विश्वसनीय सूचना पर आरोपी बबलू निवासी हकीकत नगर करनाल, प्रवीण कुमार उर्फ पन्नू निवासी मुखाल हाल किरायेदार शिव कॉलोनी करनाल और प्रद्युम निवासी शिव कॉलोनी करनाल को नई सभी मंडी रोड करनाल से गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा छह लोहे की पाइप, दो हजार नकद राशि व वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद की गई। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता रामकुमार निवासी खेड़ा कॉलोनी करनाल की फैक्टरी जोकि कंबोपुरा में स्तिथ है से बतीश लोहे की पाइप व अन्य सामान चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में थाना मधुबन में चोरी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की आगामी तफ्तीश में एएसआई सतीश सीआईए वन की अध्यक्षता में पूछताछ में पाया गया कि तीनों आरोपी नशा करने के अत्यधिक आदी है। आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए ही इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी बबलू के खिलाफ पहले भी करीब तीन मुकदमे चोरी और लड़ाई झगड़े के दर्ज है।

- **आरोपियों से लोहा पाइप, नकदी और वारदात में इस्तेमाल ई रिक्शा बरामद**



करनाल। पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी।

**खबर संक्षेप**

### रसोई के उद्घाटन को लेकर बैठक आज

**रादौर।** समाजसेवी एवं उद्योगपति संदीप गर्ग बुधवार को क्षेत्र की लगभग 50 संस्थाओं के पदाधिकारियों की कांबोज धर्मशाला रादौर में बैठक लेंगे। बैठक में उनकी संस्था के माध्यम से रादौर में 18 दिसंबर को पुराने बस स्टेंड के पास छठी रसोई की शुरूआत किए जाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।
रोटरी क्लब रादौर के पूर्व प्रधान डॉ.एससी सैनी ने बताया कि समाजसेवी संदीप गर्ग इस समय लाडवा विधानसभा क्षेत्र में रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को मात्र 5 रूपये में भरपेट दोपहर का भोजन उपलब्ध करवा रहे है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**रादौर।** एचडीएफसी बैंक व सांगवान पोल्ट्री फार्म के तत्वावधान में बुधवार को कांबोज धर्मशाला रादौर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान रैडक्रॉस सोसायटी की टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेगी।
एचडीएफसी बैंक शाखा रादौर के मैनेजर पंकज ओबेरॉय व दलबीर सिंह सांगवान ने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है।

#### कंप्यूटर ऑप्रेटरों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

# सरकारी कार्यालयों में काम काज प्रभावित होने से लोग परेशान

मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने का किया ऐलान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जिले के सरकारी विभागों में कार्यरत कंप्यूटर ऑप्रेटरों ने मंगलवार को दूसरे दिन भी अपनी मांगो को लेकर हड़ताल रखी और धरना प्रदर्शन किया। मौके पर कंप्यूटर ऑप्रेटरों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मांगे पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया। कंप्यूटर ऑप्रेटरों की दो दिन से चल रही हड़ताल के कारण सरकारी कार्यालयों में काम काज प्रभावित होने से लोग परेशान हो गए। मंगलवार सुबह दूसरे दिन भी सरकारी विभागों में तैनात सैंकड़ो कंप्यूटर ऑप्रेटर तहसील परिसर में एकत्र हो गए और धरना प्रदर्शन लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर कंप्यूटर ऑप्रेटर यूनियन नेता भारत भूषण ने बताया कि पिछले काफी लंबे समय से उनकी मांगे लंबित पड़ी हैं। इस संबंध में उन्होंने पहले भी संघर्ष कर चुके हैं। उन्होंने अपनी मांगो को लेकर कई बार अलग-अलग माध्यम से सरकार को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक उनकी मांगे पूरी नहीं की गई हैं। जिससे कंप्यूटर ऑप्रेटरों में रोष व्याप्त है। उन्होंने सरकार से डिट्स का केंद्रीय करण किए जाने, कंप्यूटर ऑप्रेटरों का वेतन समय पर दिए जाने, जिन कर्मचारियों को हरियाणा कर्मचारी रोजगार निगम के तहत रखा गया है उन्हें वापस डीआईटीएस में शामिल किए जाने, समान काम समान वेतन दिए जाने आदि की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगे अभी भी नहीं पूरी करती है तो स्टेट कमेटी जिस तरह का निर्णय करेगी व उसकी पालना करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती हैं तो वह हड़ताल जारी रखेंगे।

पिछले दो दिन से कंप्यूटर ऑप्रेटरों की हड़ताल जारी रहने से जिले के सरकारी विभागों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को तहसील में काम के लिए पहुंचे विरेंद्र सिंह व सतपाल ने बताया कि तहसील में कंप्यूटर ऑप्रेटरों की हड़ताल की वजह से उनका काम नहीं हो सका है। सरकार को चाहिए कि मामले का हल जल्द निकाल कर लोगों को परेशानियों से बचाया जाए।



**यमुनानगर।** यमुनानगर में धरना प्रदर्शन करते हुए कंप्यूटर ऑप्रेटर।



## शिविर में जल बचाने के बारे में किया जागरूक

- साढ़ौरा में जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं वासो के सौजन्य से जल जीवन मिशन के अंतर्गत मंगलवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय परिसर साढौरा में जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित हुई। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को जल बचाने के बारे जागरूक किया गया। मुख्यावक्ता रजनी गोयल ने बताया कि जल एवं सीवरेज समिति में 16 सदस्य होते हैं। जिसमें ग्राम पंचायत का सरपंच अध्यक्ष होता है। इस कमेटी में आठ महिला सदस्य होती है। जिसका मुख्या उद्देश्य ग्राम समुदाय में स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल संसाधन प्रबंधन सहित जल आपूर्ति और सीवरेज के सभी पहलुओं पर सूचना का प्रसार जागरूकता पैदा करना और शिक्षित करना है। उन्होंने पंप ऑपरेटर को जल घर साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए। रिसोर्स पर्सन मुकेश शर्मा ने कमेटी के कार्य एवं जिम्मेवारियों के बारे में विस्तार से बताया।

उपमंडल अभियंता जफर इकबाल, जूनियर इंजीनियर रामदास एवं विशाल कुमार ने जल संरक्षण बारे जागरूक किया। मौके पर बीआरसी मनीष, सरपंच करनैल सिंह, सरपंच खैराती लाल, नायब मोहमद, सरपंच जसपाल, श्यामा देवी, मनप्रीत कौर, कुर्बान आदि उपस्थित रहे।

## घर द्वार पर पहुंच रही सरकार की योजनाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को साढ़ौरा क्षेत्र के गांव मंगलौर व संधाए में पहुंची। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में साढ़ौरा के पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका मौजूद रहे। मौके पर मुख्यातिथि एवं पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें विकसित भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई। पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश की सरकार जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से समाज के कमजोर व गरीब वर्गों के लोगों का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों व लोगों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं उनके घर द्वार तक पहुंचाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेशमी, सतीश कुमार, करनैल सिंह, बेली राम व लाजवंती की मौके पर बुढ़ापा पैशन लगवाई गई। स्वामित्व योजना के तहत काका राम, दीपचंद, मामचंद, श्याम लाल व सागर को रजिस्ट्री वितरित की गई। जबकि शीशपाल, जीतो देवी, परमजीत कौर के मौके पर बीपीएल कार्ड बनाए गए। समाज सेवी देवी चंद, चंद्रभान, रमैल सिंह, रविन्द्र, कृपाल सिंह, जसबीर सिंह, सुरेश कुमार को भी सम्मानित किया गया तथा साक्षी, अनुज, महक, आंचल, तनु व सादिया को विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।



**यमुनानगर।** गांव मंगलौर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को रजिष्ट्रियां वितरित करते हुए व विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह।

## विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा का स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के गांव घोड़ो पीपली व गुलाबगढ़ (हरिपुर) में मंगलवार को विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा का पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि एवं विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा 140 करोड़ देशवासियों को विकसित करने की यात्रा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व भर में भारत की छवि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दीए जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि बिना खर्ची बिना पर्ची के युवाओं को योग्यता और मैरिट् के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। विधायक ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पिछले नौ साल से निरंतर गरीबों के हक के लिए न केवल संघर्षरत हैं। बल्कि उन्होंने प्रदेश में ऐसी योजनाएं लागू भी की हैं। जिन्हें गरीब हितकारी कहा जा सकता है। कार्यक्रम में सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा की भजन मंडली द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा करवाए गए विकास कायार्ें पर गीत प्रस्तुत किए गए। भजन मंडली द्वारा सरकार की जनकल्याण योजनाओं की जानकारी दी। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान स्वामित्व योजना के तहत बृज पाल, रोशन, मुनि लाल, सतीश कुमार, प्रकाश चंद, विजेन्द्र, ओम पाल, सोम प्रकाश को रजिस्ट्री वितरित की गई। ओमकार सिंह, हुकुम सिंह, रमेश को सम्मानित किया।



**यमुनानगर।** गांव घोड़ो पिपली में ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।



### स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता में नमित और नैतिक प्रथम

**यमुनानगर।** गांव भंभौली स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भारतीय मानक ब्यूरो से सुरेश गोपाल व चक्षु दत्ता उपस्थित हुए। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को भारतीय मानक ब्यूरो की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा नौवी के नमित एवं नैतिक ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही कक्षा दसवीं के सक्षम एवं वेदांत ने द्वितीय तथा कक्षा नौवीं की राधिका राय एवं जयतेग ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान की विभागाध्यक्षा कमलप्रीत कौर और विज्ञान के शिक्षक मनीष मेहता ने किया। विद्यालय के चेयरमैन रामनिवास गर्ग विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को जागरुक करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो क्लब का गठन किया गया। मुख्यातिथि सुरेश गोपाल व चक्षु दत्ता ने बताया कि बीआईएस भारत में राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने वाली संस्था है। यह सुरक्षित विश्वसनीय गुणवश्रा वाले उत्पाद प्रदान करता है। उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य जोखिम को कम करता है। इस दौरान विद्यार्थियों को वस्तुओं की गुणवत्ता, मानकीकरण, प्रमाणन और परीक्षण के निर्धारित मानदंडों से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत सर्वश्रेष्ठ 22 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

## नवनियुक्त ग्रामीण कमेटी सदस्यों को किया सम्मानित

- कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी की टोपी व पटका पहनाकर किया सम्मानित
- आम आदमी पार्टी ने गांव पाबनी में कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

आम आदमी पार्टी ने गांव पाबनी में कार्यक्रम आयोजित कर नवनियुक्त ग्रामीण कमेटी के पदाधिकारियों को पार्टी का पटका व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पार्टी के अंबाला लोकसभा क्षेत्र के संयुक्त सचिव एवं साढ़ौरा ब्लाक प्रभारी ललित त्यागी ने भाग लिया। उन्होंने कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपने-अपने इलाके में संगठन को मजबूत करने व आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने के लिए आहवान किया। मुख्यातिथि एवं आप के अंबाला लोकसभा क्षेत्र के संयुक्त सचिव एवं ब्लॉक साढ़ौरा प्रभारी ललित त्यागी ने कहा कि हरियाणा में आप का संगठन वार्ड स्तर पर गठित हो चुका है। आज हरियाणा में सभी पार्टियों से अधिक आप का संगठन मजबूत होकर उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में इस बार आप का झाड़ू मौजूद सत्ता पार्टी समेत अन्य विपक्षी दलों का सफाया करके सत्ता हासिल करेगा। आप की झाड़ू चुनाव में कमाल दिखाने वाली है। विस नेता ललित त्यागी ने नवगठित ग्रामीण कमेटी के पदाधिकारियों को कहा कि उनकी बड़ी जिम्मेदारी है कि वह अपने इलाकों में संगठन को मजबूत करें और लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवाएं। ताकि लोग अधिक से अधिक संख्या में आप के साथ जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। जिससे लोगों का जीवन सुधरा है और उनका सर्वांगिण विकास हो रहा है। उनकी पार्टी की हरियाणा में सरकार बनने पर क्रांतिकारी परिवर्तन कर लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी और उनका जीवन खुशहाल बनाया जाएगा।

मौके पर आप की महिला जिला अध्यक्ष रीटा रानी ने भी ग्रामीणों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आप को अपना समर्थन देकर सत्ता तक पहुंचाएं। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गौरा ने इलाके की क्षतिग्रस्त सड़कों पर चिंता जाहिर की।

मौके पर जिला एससी सचिव प्रदीप कुमार, जिला कार्यालय इंचार्ज अवनीश त्यागी व अमरीश त्यागी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के पाबनी कलां में आयोजित कार्यक्रम में जीत की विक्ट्री बनाते हुए आप की ग्रामीण कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी व नेता।

## मौसम में ठंडक बढ़ने पर डेंगू के डंक पर लगा ब्रेक

- जिले में पिछले कई दिन से डेंगू का नहीं मिला कोई नया केस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

मौसम में ठंडक बढ़ने से जिले में डेंगू के डंक पर ब्रेक लगने लगा है। जिससे प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है। खास बात यह है कि पिछले करीब एक सप्ताह से जिले में डेंगू का कोई नया केस नहीं मिला है। इस वर्ष में जनवरी माह से लेकर अब तक डेंगू के कुल 712 केस मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मानें तो ठंड में डेंगू के मामलों में कमी दर्ज की गई है। जिले में इस वर्ष जुलाई से लेकर अक्तूबर तक डेंगू का प्रकोप ज्यादा देखने को मिला। जिसमें औसतन रोजाना चार-पांच केस मिलते रहे। खास बात यह है कि गत वर्ष की अपेक्षा जिले में इस वर्ष काफी कम केस सामने आए हैं। गत वर्ष जिले में डेंगू के कुल 932 केस सामने आए थे। मगर इस वर्ष अब तक डेंगू के कुल 712 केस सामने आए हैं। जो राहत की बात है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मौसम में ठंड बढ़ने से डेंगू का मच्छर कमजोर हो जाता है और वह अधिक ठंड सहन नहीं कर पाता है। मगर तापमान सामान्य होने पर डेंगू का मच्छर ज्यादा सक्रिय रहता है। जिससे डेंगू का प्रकोप बढ़ जाता है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुशीला सैनी ने बताया कि जिले में डेंगू के अब तक 712 केस मिल चुके हैं। गत बुधवार के बाद से जिले में डेंगू का कोई केस नहीं मिला है। सर्दी बढ़ने से डेंगू के डंक से राहत मिली है। मगर इसके बावजूद लोगों को ऐहतियात बरतना चाहिए।

#### खुले में कचरा फेंका तो होगा चालान

# मेयर ने खुद ई-रिक्शा चलाकर शहरवासियों को किया जागरूक

- नगर निगम ने प्रचार यात्रा के रूप में ई रिक्शा वाहनों पर जागरूकता रैली निकाल दुकानदारों को खुले में कचरा न डालने का पढ़ाया पाठ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

स्वच्छता हो हर जगह कचरे का न हो वास, कोने कोने से कचरा उठाने का एक मनोहर प्रयास करते हुए नगर निगम द्वारा कचरे के ढ़ेरों के उठान के लिए अनूठी पहल शुरू की है। इसके प्रति लोगों जागरूक करने के लिए मंगलवार को ई-रिक्शा प्रचार वाहन चलाए गए। मेयर मदन चौहान ने खुद ई-रिक्शा चलाकर इस पहल की शुरूआत की। प्रचार यात्रा के रूप में जागरूकता अभियान के रूप में उन्होंने खुद ई-रिक्शा वाहन चलाकर अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार के साथ रेलवे रोड, रादौर रोड, छोटी लाइन, मीरा बाई बाजार व जगाधरी वर्कशॉप रोड पर दुकानदारों व आमजन को खुले में कचरा न डालने के प्रति जागरूक किया। मंगलवार को नगर निगम द्वारा मंगलवार को ई-रिक्शा प्रचार वाहन को मेयर मदन चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना करने की योजना थी। जिसके लिए मेयर मदन चौहान निगम कार्यालय के बाहर रेलवे रोड पर पहुंचे। लेकिन मेयर मदन चौहान खुद शहरवासियों को जागरूक करने के लिए ई-रिक्शा वाहन में बैठ गए और खुद वाहन को चलाकर दुकानदारों व शहरवासियों को जागरूक करना शुरू किया। इस दौरान निगम के कई वाहनों की लाइन जागरूकता रैली के रूप में निकली। मेयर मदन चौहान की साथ वाली सीट पर अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार बैठे। इन्होंने जहां खुले में गंदगी पड़ी मिली, वहां दुकानदारों को चेतावनी दी और संबंधित सफाई निरीक्षकों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यह प्रचार यात्रा रैली के रूप में निगम कार्यालय से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक से मुढ़कर रेलवे रोड से होती हुई महावीर चौक, रेलवे स्टेशन चौक से पुराना रादौर रोड, छोटी लाइन, मीरा बाई बाजार से होती हुई जगाधरी वर्कशॉप रोड पर पहुंची। जगाधरी वर्कशॉप रोड से पेपर मिल गेट से होती हुई वापस शहीद भगत सिंह चौक से रेलवे रोड होती हुई निगम कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान मेयर को ई-रिक्शा चलाता देख शहरवासी व दुकानदार आश्चर्यचकित हुए। मेयर चौहान ने दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें जागरूक किया कि यदि उन्होंने अब खुले में कचरा डाला तो उनका चालान होगा। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि हमारा शहर सुंदर, साफ व स्वच्छ बने। इसी दिशा में नगर निगम कार्य कर रहा है। हाल ही में उन्होंने विशेष अभियान चलाकर निगम क्षेत्र में खुले स्थानों व प्लाटों में पड़े कचरे के ढ़ेरों को साफ किया गया। अब यदि कोई खुले में गंदगी फेंकेगा तो उसका पांच हजार रुपये तक का चालान निगम द्वारा किया जाएगा।



**यमुनानगर।** खुद ई-रिक्शा चलाकर लोगों को जागरूक करते मेयर मदन चौहान व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार।

## कांबोज ने लोगों की सुनी समस्याएं

- भारत को विकसित बनाने में सभी का सहयोग जरुरी :कांबोज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को विकसित बनाने के लिए सभी का सहयोग जरुरी है। उन्होंने उक्त शब्द मंगलवार को गांव संधाली व एमटी करेहड़ा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कहे। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई। मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नही था। गरीब परिवारों का चूल्हा धुंआ रहित हो। इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनैक्शन दिए हैं।विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने स्वामित्व योजना के तहत नकुल, पवन कुमार, कंवर सिंह, अमर सिंह व शिव कुमार को रजिस्ट्रियां बांटी। प्रगतिशील किसान राकेश कुमार, सोहन लाल व आंगनवाड़ी वर्कर रेखा, हेल्पर रजनी रानी, आशा वर्कर ममता रानी व देबो रानी को भी सम्मानित किया गया। मौके पर रादौर के एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, नायब तहसीलदार अनिल कुमार, बीडीपीओ श्याम लाल, एसएमओ डॉ. विजय परमार आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव संधाली में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की योजनाएं बताते हुए पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज।

## खबर संक्षेप

### व्यक्ति को परिवर्तन से घबराना नहीं चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** संसार में जो आया है वो नष्ट जरूर होगा। दिन-रात सभी बदलते रहते हैं, महीने-ऋतुएँ बदल जाती है। इसी तरह दुःख-सुख सभी संसार का नियम है। परिवर्तन तो होकर ही रहेगा। इसलिए व्यक्ति को परिवर्तन से घबराना नहीं चाहिए। बल्कि इसका स्वागत करना चाहिए। इस ब्रह्मांड में सब कुछ स्वयं बदलता है जो परिवर्तन के सार्वभौमिक कानून के अधीन है।

### सफाई कर्मियों की दो दिवसीय हड़ताल 14 से

**कुरुक्षेत्र।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा स्टेट कमेटी के आह्वान पर नगर परिषद कुरुक्षेत्र कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान सुभाष गुसंर ने की। संचालन नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कुरुक्षेत्र इकाई सचिव तरसेम ने किया। सुभाष गुंसर ने बताया कि सरकार की हठधर्मिता वायदा खिलाफी छंटनी एवं शोषण के खिलाफ यह आंदोलन है।

### 71 कन्याओं को वितरित की जैकेट

**लाडवा।** लाडवा के राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय की 71 कन्याओं को समाजसेवी राजेश गर्ग की पत्नी शिखा गर्ग की ओर से सर्दी को देखते हुए जैकेट वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य रामपाल सरोहा ने कहा कि इस समय सर्दी का सीजन शुरू हो गया है और सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली कुछ जरूरतमंद कन्याएं जो छठी कक्षा से 11वीं कक्षा तक में पढ़ती है।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सवः ब्रह्मसरोवर ने देश की सांस्कृतिक विरासत को एकत्रित कर बनाई नई पहचान

# ब्रह्मसरोवर के तट पर छाई कला और संस्कृति की अनोखी छटा

महोत्सव में विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



ब्रह्मसरोवर के तट पर करतब दिखाते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



ब्रह्मसरोवर के तट पर करतब दिखाते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



ब्रह्मसरोवर के तट पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन पर्व पर ब्रह्मसरोवर का तट देश की सांस्कृतिक विरासत को एक ही जगह पर सहेजने के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। इस तट पर देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छठा बिखेर रहे है और देश के 23 राज्यों से आए शिल्पकार अपनी कलाओं के जरिए लोगों को आकर्षित करने का कार्य कर रहे है। इस सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने और पवित्र ग्रंथ गीता की नगरी को देखने के लिए रोजाना काफी संख्या में पर्यटक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंच रहे है। इस वर्ष उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से हिमाचल प्रदेश के कलाकार सिरमौरी नाटी, उत्तराखंड के कलाकार थाडिया चौफला नृत्य, राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, जम्मू-कश्मीर के कलाकार कुड नृत्य, हरियाणा के कलाकार गाथा गायन, महाराष्टद्र के कलाकार धानगिरी गाजा नृत्य, असम के कलाकार बरदोईशिकला नृत्य, छतीसगढ़ के कलाकार गौड मारिया नृत्य, वेस्ट बंगला के कलाकार पुरुलिया छाऊ नृत्य की शानदार प्रस्तुती दे रहे है। इसके साथ-साथ पंजाब का बाजीगर ग्रुप भी पर्यटकों को अपने मोहपाश में बांधने का काम कर रहा है। महोत्सव में जहां पर्यटकों प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को देखने का मौका मिल रहा है, वहीं देश के विभिन्न राज्यों और प्रदेश के जिलों से आए शिल्पकारों की शिल्पकला को देखने और खरीदने का मौका मिल रहा है। इन पर्यटकों के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से पुख्ता इंतजाम भी किए गए है और तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों को कुरुक्षेत्र की वेबसाईट पर भी देखा जा सकता है। एनजेडसीसी के अधिकारी मोहिन्द्र का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए विभिन्न प्रदेशों के बेहतरीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

## हमीरपुर के लेदर के जूते बड़ी कंपनियों को दे रहे मात



कुरुक्षेत्र। रक्तदाता को प्रमाण पत्र देती कुंटिया प्रधान रजवंत कौर।

**कुरुक्षेत्र।** हमीरपुर के लेदर से बने जूते अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पर्यटकों को खूब पसंद आ रहे हैं। जूतों की क्वालिटी के चलते पर्यटकों को साल भर इंतजार रहता है। उच्च क्वालिटी के जूते बड़ी कंपनियों को मात दे रहे हैं। शिव सेवा स्वयं सहायता समूह के सहयोग से निर्मित जूते पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। इतना ही नहीं जूते बनाने वाले मेहराज पर्यटकों को उनकी इच्छा के अनुसार दामों में भी सुविधा देने का काम कर हैं। एक बार जो मेहराज के हाथ से बने जूतों को ले जाता है, वह बार बार लेने के लिए आते हैं। महोत्सव में आने वाले पर्यटकों का हमीरपुर के बने लेदर के जूते के प्रति काफी क्रेज देखा जा रहा है। ब्रह्मसरोवर पर लगाए गए सरस मेले में 844 नंबर स्टॉल पर पर्यटकों की भीड़ लेदर के बने जूते को खरीदने के लिए आकर्षित हो रही है। लेदर के जूते बनाने वाले मेहराज ने बताया कि उनके दादा व परदादा भी लेदर के जूते बनाने का काम करते आए हैं। लेदर के जूते बनाना उनका पुश्तैनी काम है। वे 2008 से अंतर्राष्ट्रीय गीतामहोत्सव में लगातार भाग लेते आ रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता समारोह के दौरान उनके लेदर के जूतों की खूब डिमांड बढ़ रही है। पर्यटक उनके जूते को काफी पसंद कर रहे हैं। हमीरपुर के बमसम ब्लाक के मेहराज बताते हैं कि वे सूरजकुंड, दिल्ली के प्रगति मैदान, मुंबई, गुजरात, आसाम, राजस्थान में भी जूतों को बेचने के लिए जाते हैं। उनके इस काम के पीछे जिला ग्रामीण एजेंसी हमीरपुर के ब्लॉक बमसम के द्वारा काफी प्रोत्साहन मिलता है और डीआरडीए और बमसम ने उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सहयोग किया है। इतना ही नहीं वह उनके सहयोग से प्रभावित होकर भारत के कई राज्यों में जाकर अपने हुनर का प्रदर्शन कर चुके हैं।

## महोत्सव में रक्तदान कर कमाया पुण्य

- रक्तदान के कारण शरीर में नहीं आती है कोई कमजोरी :रजवंत कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। रक्तदाता को प्रमाण पत्र देती कुंटिया प्रधान रजवंत कौर।

यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी द्वारा गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर 18 दिवसीय रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का पांचवें दिन ब्रह्मा सरोवर कुरुक्षेत्र के प्रांगण में आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि कुवि कुंटिया की प्रथम महिला प्रधान रजवंत कौर ने पहुंचकर रक्तदाताओं को बैच लगाकर उनका हौसला बढ़ाया और सम्मानित किया। कुंटिया प्रधान रजवंत कौर ने कहा कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंदों को मदद मिलती है साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। रक्तदान जैसा पुनीत काम सबसे बड़ी सेवा में आता है। रक्त ही एकमात्र ऐसा पदार्थ है जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं किया जा सकता। सोसायटी के अध्यक्ष विनोदपाल ने कहा कि बताया कि आजकल कुछ अस्पतालों में रक्त बहुत कमी है और रक्तदान का मकसद उन मरीजों की मदद करना है।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर पुलिस की एडवाइजरी जारी

- महोत्सव में देश-विदेश से लाखों की संख्या में पहुंचते हैं पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर जिला पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश-विदेश से लाखों पर्यटक के पहुंचते हैं। जिसको मध्यनजर रखते हुए जिला पुलिस द्वारा आमजन व आने जाने वाले पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए गीता महोत्सव में आने वाले ट्रैफिक के अतिरिक्त अन्य ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट प्लान तैयार किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने शहर वासी वाहन चालको से अपील करते हुए कहा कि गीता महोत्सव के दौरान बिना किसी एमरजेंसी के ब्रह्मसरोवर की तरफ वाहन लेकर ना जाएं बल्कि वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करें। पेहवा, पटियाला की तरफ से आने वाले ट्रैफिक जिन्होने सहारनपुर, हरिद्वार, उतराखण्ड तथा जिला यमुनानगर के क्षेत्र में जाना है पेहवा बाईपास एनएच-152 से होकर ईस्माईलाबाद बाईपास से होते हुए गांव ठोल, कुरडी, नलवी, शाहाबाद के रास्ते अपने गन्तव्य को जा सकते है।

## धारा 370 पर सुप्रीम मोहर पर जताया हर्ष

**पिहोवा।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा धारा 370 पर मोहर लगाने के फैसले को लेकर विभिन्नि सामाजिक एवम धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया है। श्री गुरु दत्तात्रेय आश्रम में महंत लालगिरी के सानध्यि में हवन एवम भंडारे का आयोजन किया गया। महंत लालगिरि ने बताया कि इससे विशेषकर कश्मीरी पंडितों को उनका हक मिलेगा और अब देश का कोई भी नागरिक जम्मू कश्मीर में बस सकेगा। इससे सभी को समान अधिकार मिलेगा। इस फैंसले को लेकर उनकी संस्था ने देश की शांति के लिए हवन का आयोजन किया है। इस अवसर पर बाबा बंसीवाले रसोई के सहयोग से अनाज मंडी के निकट भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे संगत ने प्रशाद ग्रहण किया।

## राज्यमंत्री के कार्यक्रम में हुआ हंगामा

- ग्रामीणों ने की मंत्री के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



कुरुक्षेत्र। पिहोवा के गांव असमानपुर में राज्यमंत्री के विरूद्ध नारेबाजी करते ग्रामीण।

पिहोवा हल्का के गांव असमानपुर में राज्यमंत्री के कार्यक्रम में माइक को लेकर हंगामा हो गया। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने भाजपा के मंत्री एवम विधायक संदीप सिंह के खिलाफ नारेबाजी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनसंवाद यात्रा के तहत ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर गांव असमानपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। कार्यक्रम में मंच का संचालन एक कांग्रेसी नेता एवम पंचायत सदस्य कर रहा था। उसने माइक से कुछ समस्याओं पर बोलना शुरू किया, जो राज्यमंत्री को ठीक नही लगा। मंत्री संदीप सिंह ने अधिकारियों से पूछा कि एक कांग्रेसी को क्यों मंच का संचालन सौंपा गया है। इस बात का पता चलते ही पंचायत सदस्य और ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया और ग्रामीणों को लेकर नारेबाजी करनी शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख गांव के मौजीज व्यक्तियों तथा पुलिस ने बीच बचाव किया। जिसके चलते कार्यक्रम को जल्द समाप्त करना पड़ा। कांग्रेस कार्यकर्ता जगदीप सिंह ने बताया कि वह गांव असमनपुर पंचायत के सदस्य है तथा उन्हें गांव की समस्या सरकार के सामने रखने का हक है। लेकिन विधायक संदीप सिंह को यह नागवार गुजरा। दूसरी ओर भाजपा के नेताओं ने आरोप लगाया है कि जानबूझकर कुछ शरारती लोगों ने कार्यक्रम में खलल डालने का प्रयास किया है।

## न्यूज डायरी

### दूसरे दिन भी जारी रही कंप्यूटर ऑपरेटर्स की हड़ताल



**कुरुक्षेत्र।** जिले भर के कंप्यूटर ऑपरेटर की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। सरकारी विभागों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर पूर्णरूप से हड़ताल पर रहे। कंप्यूटर ऑपरेटर पिछले दो दिन से डीसी कार्यालय, सरकारी विभागों, बोर्ड, राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों के सभी कंप्यूटर प्रोफेशनल को नियमित करने, समान कार्य वेतन दिया जाने, जिला आईटी सोसायटी में लगे कंप्यूटर प्रोफेशनल को लिपिक के पद पर समायोजित करने की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं।

### आप की बदलाव यात्रा पहुंचेगी कुरुक्षेत्र 22 को



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेशभर में बदलाव यात्रा का आयोजन कर रही है। 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली यात्रा प्रदेश के 4 अलग अलग जिलों से आरंभ होगी। इस यात्रा को चार जॉन में बांटा गया हैं। पूर्वमंत्री चौधरी निर्मल सिंह की अगुवाई में बदलाव यात्रा कालका से आरम्भ होगी जो कि कुरुक्षेत्र जिले में 22 दिसम्बर को पहुंचेगी। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने मंगलवार को गांव खेड़ी मारकण्डा की सरस्वती कॉलोनी के लोगों को यात्रा का निमंत्रण देने के दौरान दी।

### गीता निकेतन में कवि सम्मेलन का आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के जन्मदिवस के उपलक्ष में शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आयोजित भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत विद्यालय में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना एवं अष्टादशश्लोकी गीता पाठ के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम की भूमिका एवं कवियों में उत्साह का अतिरेक समाहित करते हुए श्रीअच्छरू ने बाल कवि तनिश को' लाल बहादुर शास्त्री' विषय पर कविता के लिए आमंत्रित किया।

## ग्रामीणों ने विक्रमजीत सिंह चीमा को दिया समर्थन

- गांव बन के कश्यप समाज के लोगों के बीच पहुंचे पिपली ब्लाक समिति चेयरमैन



गांव बन में युवा नेता विक्रमजीत चीमा के साथ कश्यप समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज. लाडवा। गांव बन में गांव के महर्षि कश्यप मंदिर में कश्यप समाज के लोगों ने पिपली ब्लाक समिति चेयरमैन एवं युवा नेता विक्रमजीत सिंह चीमा को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि चीमा न केवल लाडवा हलके का रहने वाला है, बल्कि सबके सुख-दूख का साथी है और सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि इस बार हलके के नेता को ही विधानसभा भेजेंगे क्योंकि हलके का नेता अपने हलके के बारे में ही सोचेगा। बाहरी आते है और वोट लेकर चले जाते है। इस अवसर पर चीमा ने भी समाज के लोगों को आश्वासन दिलाते हुए कहा कि जो मान-सम्मान कश्यप समाज ने उन्हें गांव में बुलाकर दिया है उस मान-सम्मान का कर्ज ब्याज सहित चुकाने का काम करूंगा। यदि हलके की जनता ने उन्हें मौका दिया तो वह हलके की तस्वीर बदलकर रख दूंगा। लाडवा हलके की चर्चा कुरुक्षेत्र जिला में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में होगी। हर वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ी जाएगी और सभी को बराबर का मान-सम्मान दिया जाएगा।



## भारत को विकसित बनाने पर दिया बल

**पिहोवा।** हरियाणा के मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। इस देश को विकसित देश बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 घंटे काम कर रहे है और यात्रा में पहुंचने वाला वाहन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी लेकर पहुंच रहा है। इस संकल्प यात्रा से समाज के अंतिम लाभार्थी को भी सरकार की तमाम योजनाओं की जानकारी मिल रही है और जो लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए है, उन्हें मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। राज्यमंत्री संदीप सिंह मंगलवार को पिहोवा हल्का के गांव असमानपुर में विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का स्वागत करने के उपरांत बोल रहे थे कहा कि इस दिशा में सभी को आगे आना होगा।

## जैविक नाम से किसानों को किया जा रहा भ्रमित

**कुरुक्षेत्र।** जैविक शब्द से आजकल लोगों को भ्रमित किया जा रहा है चाहे वो जैविक खेती हो या जैविक उत्पाद। अधिकांश लोग जैविक खेती को ही प्राकृतिक खेती समझ रहे हैं जबकि जैविक खेती तो रासायनिक खेती से भी महंगी तथा नुकसानदायक है। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्राकृतिक कृषि फार्म का दौरा करने आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रहे संस्कार धाम गुजरात के वरिष्ठ अधिकारियों को प्राकृतिक और जैविक खेती में अन्तर समझाते हुए राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहे। वहीं, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव मनोज आहूजा ने भी मंत्रालय के अधिकारियों के साथ गुरुकुल फार्म का दौरा किया।

### डाक सेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरू



**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर हड़ताल पर चल रहे ग्रामीण डाक सेवकों ने सोमवार को रेलवे रोड स्थित मुख्य डाकघर के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। जिले के सैंकड़ों डाकघर हड़ताल की वजह से बंद हो चुके है। गौरतलब है कि ग्रामीण डाक सेवक लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगो को लेकर आंदोलनरत है। ग्रामीण डाक सेवक 8 घंटे की ड्यूटी व पेंशन सहित सभी लाभ देने की मांग कर रहे है।



महिपाल को सम्मानित अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहनपाल सुमनाक्षर।

### महिपाल को मिला डॉ अंबेडकर राष्ट्रीय फेलोशिप अवार्ड

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के गांव अमीन के रहने वाले समाजसेवी महिपाल को भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय फेलोशिप अवार्ड - 2023 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान अकादमी द्वारा दिल्ली में आयोजित 39 वें दलित साहित्यकार सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहनपाल सुमनाक्षर द्वारा दिया गया। बता दें महिपाल एक बहुत ही नेक दिल इंसान है जो समाज में गरीब वर्ग और बच्चों की उच्च शिक्षा के प्रति गंभीर रहते हैं और उन्हें शिक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। जिसको अकादमी ने परखा और उन्हें ईस सम्मान के लिए हरियाणा प्रदेश कमेटी और अकादमी के अध्यक्ष गुरदयाल सिंह मोरथला द्वारा नामित किया गया। अवार्ड मिलने पर खुशी जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष गुरदयाल सिंह मोरथला, प्रदेश महासचिव जरनैल सिंह रंगा और कमेटी का आभार व्यक्त किया।

## मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



कुरुक्षेत्र। मुख्य अतिथि नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा एवं कुंटिया प्रधान रजवन्त कौर को स्मृति चिन्ह देते विद्यालय के चेयरमैन स्नेह छिब्बर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

वागमी किडस प्ले वे स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वार्षिक उत्सव का प्रारंभ श्री गणेश वन्दना के साथ किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। वार्षिक उत्सव में नन्हें नन्हें बाल कलाकारों ने नृत्य के साथ साथ कविता द्वारा अपनी प्रतिभा को उजागर किया। नन्हें बच्चों ने सोलो नृत्य व कविता में भी अपनी प्रतिभा को दिखाया। बच्चों के साथ साथ बडी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी डांस की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा को उजागर किया। इस अवसर पर थानेसर नगरपरिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर कुंटिया की प्रधान रजवन्त कौर ने भी विशिष्ठ अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नगरपरिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा व श्रीमती रजवन्त कौर ने बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा विद्यालय के समारोह की प्रशंसा भी की तथा बच्चों को आज के दौर में मोबाईल से दूर रहने का संदेश भी दिया। विद्यालय के चेयरमैन स्नेह छिब्बर ने मुख्यातिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व विद्यालय की प्रधानाचार्य रितू छिब्बर ने आए हुए मुख्यातिथि व सभी अभिभावक गणों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### डॉ.केशवानंद ममगाईं को पुण्यतिथि पर दी पुष्पांजलि



**कुरुक्षेत्र।** साहित्य अकादमी अवार्डी डॉ.केशवानंद ममगाईं हरियाणा की पत्रकारिता के पितामह थे और उन्होंने 1957 में अविभाजित पंजाब में आर्य समाज द्वारा चलाए गए हिंदी आंदोलन में भाग लेने के कारण केंद्रीय जेल अंबाला में साढ़े पांच महीने भीषण यातनाएं सही। यह कहना था महंत प्रभात पुरी वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल भगत सिंह राठौड़ का। वे विद्यालय परिसर में उनकी 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### हरियाणा में बनेगी कांग्रेस की सरकार : सुरेंद्र सैनी

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार ने युवाओं को रोजगार, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, गरीबों को राशन, बुजुर्गो को पेंशन, दलित-पिछड़ों को आरक्षण और नागरिकों को सुरक्षा से वंचित करने का काम किया है। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा ने दावा किया कि आने वाला समय कांग्रेस का है और हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी। सुरेंद्र सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में वर्ष 2014 से पहले हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, निवेश, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य देने में नंबर एक था और प्रदेश के हर जिले में युद्धस्तर रिकार्डतोड़ विकास कार्य हुए थे।

## खबर संक्षेप



### प्राइमरी स्कूलों की विजिट सुनिश्चित करने के निर्देश

**बराड़ा।** बीईओ प्रमोद राणा व बीआरसी मोनिका की अध्यक्षता में बीपीआईयू की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें खंड के सभी सीआरसी हैड व एबीआरसी ने शिरक्त की। इस कार्यक्रम में जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर मनोज व संपर्क फाउंडेशन की पूनम ने मुख्य रूप से शिरक्त की। इस बैठक में सीआरसी हैड को एबीआरसी के साथ अपने कलस्टर के प्राइमरी स्कूलों की विजिट सुनश्चिति करने, सीखने में पिछड़ रहे कमजोर बच्चों को सिखाने पर जोर देने, गतिविधि आधारित शिक्षण पर बल, मेगा मॉनिटरिंग करने, मेंटर्स को अपनी विजिट पूरी करने,स्कूलों की आपस में बेस्ट प्रैक्टिस सांझा करने जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यो के बारे में चर्चा की गई।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी आशीष को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। गांव धन्यौड़ी के चरणजीत सिंह ने 15 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 जुलाई 2023 के दौरान आरोपी आशीष व अन्य ने नौकरी लगवाने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपित दबोचा

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी पंकज उर्फ शम्मी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। रामपुर सरसेहड़ी स्कूल की मुख्य अध्यापिका ने 29 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने स्कूल से सिलेंडर, दो बाल्टियां व दो पतीले चोरी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी का आरोपित एक दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। सेठी नगर के भूपद्रिं सिंह ने 14 जुलाई 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 जनवरी 2023 को आरोपी हरदीप सिंह ने कनाडा का वर्क परमिट दिलवाने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। शिकायत पर केस दर्ज हुआ था।

### फिरौती मांगने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज फिरौती मांगने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी महेंद्र को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। अब उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया है। अंबाला छावनी की रामा बल्डिगिं के रहने वाले शौर्य ने 30 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 नवंबर 2023 को आरोपी ने उससे मोबाइल फोन पर कॉल करके एक बड़ी रकम की फिरौती मांगने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# जेल प्रबंधन पर असल के बजाए दूसरे बंदी को जमानत पर छोड़ने का आरोप, डीजी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए

विज ने डीजी जेल को फोन कर गंभीरता से मामले में कार्रवाई की बात कही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला सेंट्रल जेल प्रबंधन पर मिलीभगत कर एक व्यक्ति को जमानत पर छोड़ने के बजाए दूसरे व्यक्ति को छोड़ने का आरोप लगा है। परिवादी ने व्यक्ति पर फर्जी केस दर्ज करने की भी बात कही है। पीड़ति के परिजनों ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के समक्ष इंसाफ की गुहार लगाई है। इस संबंध में विज ने डीजी जेल को पूरे मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के नर्दिश दिए। यहां के गांव बलाना की रहने वाली एक महिला व उसके परिजनों ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनका बेटा झगड़े के मामले में अंबाला सेंट्रल जेल में था। उसकी बीते दिनों जमानत हो गई थी। परिवार जब बेटे को लेने जेल पहुंचे तो प्रशासन ने उन्हें बताया कि उनका बेटा पहले ही जमानत पर छूटकर घर चला गया है। उन्होंने बताया कि पूरी रात वह बेटे की तलाश करते रहे मगर उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चला। इसके बाद वह फिर सेंट्रल जेल गए लेकिन जेल प्रशासन द्वारा उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। लगभग सप्ताह बाद उन्हें पता चला कि उनके बेटे को फिर से कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

### मामला काफी गंभीर

मीडिया से बातचीत करते हुए विज ने बताया कि यह काफी गंभीर मामला है। जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने इस संबंध में जेल प्रशासन से भी बात की थी जिन्होंने उनसे कहा कि गलती से किसी अन्य व्यक्ति को छोड़ दिया। विज ने कहा कि यह काफी बड़ा मामला है, यदि इस प्रकार गलतियां हुई तो और भी गलत लोगों को जेल प्रशासन द्वारा छोड़ा जा सकता है। अंबाला छावनी में निगार सिनेमा की खरीद-फरोख्त कके मामले की जांच के लिए गठित कमेटी की कार्रवाई संबंधी पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि कमेटी में कौन-कौन सदस्य थे और जांच में क्या आया, इसकी जानकारी ली जाएगी।

परिजन बोले-लापरवाही छुपाने के लिए अब जेल प्रबंधन ने उनके बेटे के खिलाफ नया मामला दर्ज करवाकर कर दिया कोर्ट में पेश



अंबाला। विज आवास के बाहर लगी लोगों की लाइनें। फोटो: हरिभूमि

### संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

पानीपत में प्लाट खरीदने के नाम पर 36 लाख रुपए की ठगी मामले में पानीपत एसपी से पूर्व में दर्ज मामले में अब तक हुई कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की। परिवार ने अपनी शिकायत देते हुए बताया कि प्लाट खरीदने के लिए 36 लाख रूपए की राशि उन्होंने बल्डिर को दी थी, मगर न तो राशि वापस दी गई और न ही प्लाट दिया गया। केस दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसी तरह रेवाड़ी की युवती से छेड़छाड़ मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मंत्री ने एसपी रेवाड़ी को फोन लगाते हुए जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के नर्दिश दिए। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों पर तत्परता से पुलिस कार्रवाई करे। करनाल से आए व्यक्ति ने पिता-पुत्र व एक रिश्तेदार को विदेश भेजने के नाम पर 55 लाख रुपए ठगी के आरोप लगाए। यह मामला कबूतरबाजी के लिए गठित एसआईटी को जांच के नर्दिश दिए। सोनीपत से आई महिला ने अपने भाई की हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत दी। महिला का आरोप था कि एक वर्ष पहले हत्या हुई थी लेकिन अब तक आरोपी फरार है। मंत्री ने इस मामले की छानबीन के लिए सोनीपत पुलिस कमश्निर को एसआईटी गठित कर जांच के नर्दिश दिए। इसी तरह अन्य कई मामले आए जिन पर गृह मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के नर्दिश दिए।

किसान बोले-दस महीने पहले दी थी चेतावनी

# बेसहारा पशुओं को ट्रॉलियों में लोड कर विधायक के आवास पर डटे किसान

समस्या का समाधान न होने से दोबारा आना पड़ा सड़कों पर, कहा फसल व नस्ल को बर्बाद कर रहे हैं पशु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बेसहारा पशुओं को लेकर एक फिर किसानों ने हंगामा कर दिया। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह से जुड़े किसान मंगलवार को पशुओं को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भर अंबाला शहर की अनाज मंडी में पहुंच गए। किसानों के विरोध की वजह से हरकत में आए प्रशासनिक अधिकारी बातचीत करने के लिए पहुंच गए। मगर यहां अफसरों व किसानों के बीच कार्रवाई को लेकर सहमति नहीं बनी। इसी वजह से किसान पशुओं से भरी ट्रॉलियां लेकर विधायक असीम गोयल के आवास पर पहुंच गए। आनन फानन में किसानों के विरोध की वजह से पुलिस को यहां सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने पड़े। काफी समय से किसान यहां पशुओं को लेकर डटे रहे। इससे पहले किसानों ने पशुओं से लदी ट्रॉलियों को गुब्बारों से सजाया हुआ था। यहां किसानों को एसडीएम दर्शन सिंह समेत अन्य पुलिस प्रशासन ने समझाने का प्रयास किया लेकिन किसान अपनी मांग पर अड़गि रहे। किसान पशुओं का स्थायी समाधान, गोशाला में छोड़ने और जितने पशुओं को किसान पकड़ कर लाए हैं नगर निगम के टेंडर के अनुसार किसानों को उतने रुपए देने की मांग पर अड़े रहे। भाकियू शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि प्रशासन को बार-बार कहा जा रहा है कि सड़कों और खेतों से पशुओं को हटाएं। यह पशु सड़कों पर लोगों की जान ले रहे हैं साथ ही किसानों की फसलों को भी उजाड़ रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसा दूसरी बार है कि जब किसानों को पशुओं को सड़कों से पकड़कर अपने साथ प्रशासन के दर पर छोड़ने के लिए लाना पड़ा है। 10 माह पहले भी किसान पशुओं को डीसी ऑफिस लेकर आए थे। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया था। तब आनन-फानन में बैठकर बुलाकर पशुओं को गोशालाओं में भिजवाया था। अब दोबारा से किसान पशुओं को लेकर आए हैं तो प्रशासन ने अधिकारियों की बैठक बुला ली है। मोहड़ी ने कहा कि अब तो वे इन बेसहारा पशुओं के स्थायी समाधान को लेकर पुरजोर विरोध करने के मूढ में हैं। जब तक अफसर पशुओं की समस्या का समाधान नहीं करते वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पशु उनकी फसलों व नस्लों को तबाह कर रहे हैं। मगर प्रशासन को इस बात की जरा सी भी परवाह नहीं है।





अंबाला। ट्रॉलियों में लदे बेसहारा पशु, विधायक आवास के बाहर पशुओं के साथ डटे किसान। फोटो: हरिभूमि

### मुख्य सड़क पर लगा जाम

विधायक असीम गोयल के आवास पर दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉलियां लेकर पहुंचे किसानों को देखकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की सांसें फूल गई। आनन फानन में विधायक आवास की सुरक्षा पुख्ता करनी पड़ी। इस दौरान भारी संख्या में किसान भी मुख्य सड़क पर डट गए। पुराने दल्लिी रोड पर इसी वजह से जाम की स्थिति बन गई। बीच सड़क पर पशुओं से लदी ट्रॉलियां होने के कारण कोई भी राहगीर मुख्य सड़क से नहीं निकल पाया। लोगों को वैकल्पिक रास्तों से निकलना पड़ा। किसानों साफ कहा कि अगर प्रशासन इन बेसहारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने की जम्मिेदारी नहीं लेता तो फिर वे विधायक आवास पर ही इन पशुओं को छोड़ जाएंगे।



नारायणगढ़। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शपथ लेते ग्रामीण व महिला की गोद भराई करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## मोदी की अगुवाई में देश विश्व गुरु बनने की तरफ अग्रसर

- विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कुराली व संगरानी में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ण कार्यक्रम का आयोजन गांव कुराली और संगरानी में किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने उपस्थित लोगों को 2047 तक भारत को पूर्ण ह्यविकसित और आत्मनर्भिरह्ण राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई। गांव संगरानी में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुमन सैनी ने भी केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सुरेंद्र राणा ने कहा कि सरकार ने प्रौद्योगिकी, कृषि, ग्राम्य क्रांति, उघोग व्यापार, शिक्षा, स्वास्थय, अंत्योदय, महिला एवं बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा आदि क्षेत्रों में एक नव क्रांति का सूत्रपात किया है। युवाओं को योग्यता के आधार पर 1 लाख 10 हजार सरकारी नौकरियां मिली है तथा 60 हजार पदों पर भर्ती शीघ्र की जाएगी। लोगों को चंडीगढ न जाना पड़े, इसके लिए सीएम विंडों मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई थी। जिससे कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या सीएम तक पहुंचा सकता है और 11 लाख से अधिक जन-शिकायतों का पारदर्शिता से समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऑटो अपील सस्टिम से पारदर्शिता एवं जवाबदेही तय की गई है। नियत समय में नोटिफाइड सरकारी सेवा 36 विभागों की 404 सेवाएं न मिलने पर अपीलेट अर्थॉरिटी को ऑटोमेटिक अपील हो जाती है। नर्धिारित समय में काम न होने पर सम्बंधित कर्मचारी/अधिकारी पर जुर्माना एवं विभागीय कार्रवाई हो सकती है।गांव संगरानी में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र से अब लोगों को दफ्तर, दस्तावेज व दरखास्त से मुक्ति मिली है। इस एक पत्र से घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। निरोगी हरियाणा योजना से 32 लाख से अधिक गरीब लोगों के स्वास्थ्य की जांच की है। प्रदेश में ऑटोमेटिक घर बैठे 39 लाख बीपीएल राशन कार्ड तथा 86 लाख आयुष्मान भारत चिरायु कार्ड बने है।

## सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

- गांव धनौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

गांव धनौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश बतौरा ने शिरक्त की। कार्यक्रम में अंजू कश्यप सुपरवाइजर द्वारा सस्ते तथा पौष्टिक आहार के बारे जानकारी दी गई व मोटे अनाज को दैनिक खान-पान में शामिल करने के बारे में कहा गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को विभागीय स्कीमों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर गर्भवती महिला आरती की गोदभराई कर उसे आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में दो बच्चों का अन्नप्राशन भी करवाया गया। पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने पोषण सैल्फी भी ली। पर वंदना गर्ग, उषा रानी, रीटा रानी, ममता देवी, राममूर्ति, कृष्णा देवी आदि मौजूद रहे।



बराड़ा। पोषण अभियान में सैल्फी लेते राजेश बतौरा।

## झुग्गियों की पुनर्वास योजना में तेजी लाने के निर्देश

- हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने एचएसवीपी अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पंचकूला में लंबित पुनर्वास योजना की समीक्षा के लिए मंगलवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। विधान सभा सचिवालय में आयोजित बैठक में शहर में घग्गर पार सेक्टर 24 में प्रस्तावित मल्टी फीचर पार्क 'स्टेट ऑफ ऑर्ट' पर भी विस्तृत चर्चा हुई। विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि पंचकूला की इंदिरा कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, खड़ग मंगोली इत्यादि में बनी झुग्गियों में रहने वाले लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए समयबद्ध तरीके से काम करना होगा। इस पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक टी.एल. सत्यप्रकाश ने बताया कि ड्रोन सर्वे का काम पूरा हो चुका है। झुग्गियों का सर्वे भी करवा लिया गया है। इस परियोजना पर दैनिक आधार पर कार्य हो रहा है। 619 झुग्गियों के पुनर्वास की योजना जल्द सिरे चढ़ा दी जाएगी। योजना में पहले उन झुग्गियों को शामिल किया जा रहा है, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय की ओर से राहत मिली हुई है। विधान सभा अध्यक्ष ने 18 एकड़ में बनने वाले प्रस्तावित मल्टी फीचर पार्क की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह पार्क पंचकूला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि यह मल्टी फीचर पार्क जून 2024 तक बन कर तैयार हो जाएगा।



चंडीगढ़। एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ बैठक करते विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक टी.एल. सत्यप्रकाश, प्रशासक सुजान सिंह, एस.ई. राजीव शर्मा, मुख्य अभियंता हरि दत्त शर्मा, मुख्य वित्त नियंत्रक भारत भूषण गुप्ता, ई.ओ. मानव मलिक, कार्यकारी अभियंता एन. के. पायल, रोहताश सिंह, बागवानी के अधीक्षक अभियन्ता ए.के. राणा, सर्वे के एस.डी.ई. कैलाश काला, समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## हेरोइन तस्करी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज हेरोइन तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी विकास उर्फ डैनी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलप्ति एक आरोपी अमित सोनकर पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। दौराने पूछताछ आरोपी ने बतलाया कि विकास उर्फ डैनी भी इस मामले मे संलप्ति है। सीआईए-शहजादपुर को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने ग्रेस पैलेस महेशनगर के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। तब उसके कब्जे से 10 ग्राम 70 मिलग्रिाम हेरोइन बरामद हुई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

कॉलोनाइजरों ने गैरकानूनी तरीके से कॉलोनी काटी थी

# गांव माजरी में अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

- आदेश के बावजूद कॉलोनाइजरों ने नहीं की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते ने मंगलवार को अर्बन एरिया अंबाला छावनी के गांव माजरी में लगभग एक एकड़ में अवैध रूप से काटी गई कॉलोनी में हुए निर्माणों को ढहा दिया। यहां कॉलोनाइजरों की ओर से कच्ची मिट्टी की सडक़ों के जाल को अर्थ-मुविंग मशीन द्वारा पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट जिला नगर योजनाकार श्री रोहित चौहान, सहायक नगर योजनाकार राजेश कुमार, कनष्ठि अभियंता रवद्रिं भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे। डीटीपी चौहान ने बताया कि यहां कॉलोनाइजरों की ओर से गैरकानूनी तरीके से कॉलोनी काटी थी। इस कॉलोनी में लोगों को सस्ते प्लाट का लालच देकर खरीद फरोख्त हो रही थी। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद कॉलोनाइजरों को नोटिस दिया था। नोटिस में यहां हुए अवैध नर्माण को तुरंत ढहाने के आदेश दिए गए थे। आदेश के बावजूद कॉलोनाइजरों ने तोड़फोड़ नहीं की। इसी वजह से अब उन्हें यह कार्रवाई करनी पड़ी।



अंबाला। अवैध कॉलोनी में हुए नर्मिाणों को ढहाती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

### नियमानुसार कॉलोनी विकसित करें

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसी किसी भी कॉलोनी में कोई प्लाट खरीदकर नर्मिाण न करें। अगर कोई ऐसा करेगा तो उसके खिलाफ इस तरह ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा रिहायशी जोन में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत 5 एकड़ में रिहायशी कॉलोनी विकसित करने हेतू पॉलिसी जारी की हुई है। इसमें ईडीसी के चार्जेस न के बराबर हैं इसलिए अवैध कॉलोनी काटने वालों से अनुरोध है कि उपरोक्त पॉलिसी के तहत सरकार से नियमानुसार अनुमति लेकर कॉलोनी विकसित करें ताकि शहर को सुव्यस्थित तरीके से विकसित किया जा सके।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पंचकूला।** राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मलिक के कुशल नेतृत्व में विद्यार्थियों को वोट बनवाने तथा मतदान हेतु जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय कालका में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम विषय पर सुंदर रंगोली बनाई और निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने विद्यार्थियों को मतदान की अनिवार्यता एवं उपयोगिता के बारे में बताया। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका वोट आपकी आवाज है।